राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने कहा दीपावली उजास का संवाहक पवित्र पर्व

दीप पर्व हेतु राज्यपाल ने मिठाई बांटी

जयपुर 21 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन में एक अनौपचारिक कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिठाई एवं उपहार वितरित किए। उन्होंने दीप पर्व को उजास का संवाहक बताते हुए सर्वत्र ज्ञान के उजियारे का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला पावन पर्व है। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन में कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों को एक परिवार बताते हुए सभी के लिए सुख–समृद्धि की कामना की। इस मौके पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार एवं प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित राजभवन के अधिकारीगण मौजूद थे।